कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 40 मिनट **पूर्णांक : 24**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. दिए गए शब्द-युग्मों को अपने वाक्यों में इस तरह प्रयुक्त कीजिए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ– 1×5=5

(*i*) जरा – ....

ज़रा – ....

(*ii*) आदि – ....

आदी – ....

(*iii*) तरुणी – ....

तरणि – ....

(*iv*) धरा – ....

धारा – ....

(*v*) निर्जर – ....

निर्झर – ....

2. अनेकार्थी तथा श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्दों का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 4

....

....

....

....

....

....

....

3. कोष्ठक से उचित शब्द का चयन कर वाक्यों के रिक्त स्थानों को भरिए– 1×5=5

(*i*) तुलसीदास ने अपनी रचनाएँ .... भाषा में लिखीं हैं। (अवधि, अवधी)

(*ii*) मेरे पिता एक .... व्यक्ति थे। (निर्धन, निधन)

(*iii*) पुजारी ने पूजा के बाद सब को .... दिया। (प्रसाद, प्रासाद)

(*iv*) बाढ़ के कारण नदी का .... बहुत तेज था। (परवाह, प्रवाह)

(*v*) चिंता न करें मैं .... समय पर पहुँच जाऊँगा। (नियति, नियत)

4. दिए गए श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्द-युग्मों के सही अर्थ वाले युग्मों पर निशन लगाइए– 1×5=5

(*i*) **योग-योग्य**

(क) जादू, काबिल (ख) जोड़-काबिल (ग) अक्षम-व्यायाम (घ) जोड़-भाग्य

(*ii*) **वसन-व्यसन**

(क) वस्त्र-आदत (ख) बुरी आदत-शरीर (ग) भवीह-नशा (घ) वस्त्र-बुरी आदत

(*iii*) **उपकार-अपकार**

(क) भलाई-बुरा (ख) बुरा-भलाई (ग) दया-क्षमा (घ) नाविक-सुंदरी

(*iv*) **कुल-कूल**

(क) पूर्ण-ठंडा (ख) वंश-ठंडा (ग) वंश-किनारा (घ) तीनों ग़लत

(*v*) **उर-उरु**

(क) और-जंघा (ख) हृदय-और (ग) हृदय-जंघा (घ) हृदय-पैर

5. दिए गए अर्थों के युग्मों के लिए सही श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्द-युग्म का चयन कीजिए– 1×5=5

(*i*) **तुरंत-सहारा**

(क) जल्दी-अवलंब (ख) तुरंत-आश्रय (ग) अविलंब-अवलंब (घ) न विलंब-आश्रय

(*ii*) **तुलना-निरादर**

(क) अपेक्षा-उपेक्षा (ख) बराबरी-अपमान (ग) अपेक्षा-अपमान (घ) तीनों ग़लत

(*iii*) **माँ-पान**

(क) अम्मा-नीर (ख) माता-जल (ग) मैया-वारि (घ) अंब-अंबु

(*iv*) **ऋण-कल्याण**

(क) कर्ज़-मंगल (ख) उधार-उद्धार (ग) लोन-मंगल (घ) ऋण-उद्धार

(*v*) **हानि-पृथ्वी**

(क) नुकसान-धरती (ख) घाटा-ज़मीन (ग) क्षति-क्षिति (घ) क्षति-घाटा

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....